an>

Title: Need to enhance the rate of honorarium to Accredited Social Health Activists engaged under the National Rural Health Mission.

श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आशा बहू एक घरेलू सामाजिक महिला है। एन.आर.एच.एम. कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक 500 की न्यूनतम आबादी पर एक आशा का चयन किया जाता है। इनका कार्य समाज के बच्चों तथा महिलाओं को विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराना, टीकाकरण, आयरन की गोलियाँ वितरित करना, मोतियाबिन्द का ऑपरेशन, प्रसव आदि में सहयोग करना तथा ऐसे कार्य जो घरेलू महिलाओं के स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ सामाजिक रहन-सहन के स्तर को ऊँचा उठाते हैं, से जुड़ा है। इनके बदले में उनका पारिश्रमिक कार्य के अनुसार काफी कम 50, 100 अथवा 200 रुपये है। इस कारण इनका मनोबल कम हो जाता है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से आग्रह है कि उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आशाओं को एक निश्चित मानदेय देने हेतु तत्काल कदम उठाए जाएं ताकि इनका उत्साह, आत्मविश्वास एवं मनोबल बना रहे।